झारखण्ड विधान सभा
दैनिक विवरणिका

तृतीय झारखण्ड विधान सभा — नवम् सत्र(मानसून)

संख्या-01 — शुक्रवार दिनांक-31 अगस्त, 2012 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1. विविध चर्चायें:-

क- माननीय सदस्य श्री अरविन्द कुमार सिंह एवं श्री निर्भय कुमार शाहाबादी ने सदन के बाहर धरने पर बैठे श्री प्रदीप यादव के सम्बन्ध में आसन का ध्यान आकृष्ट किया और श्री सरफराज अहमद, श्री चंद्रशेखर दूबे एवं श्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने व्यवस्था के प्रश्न पर कुछ कहना चाहा जिन्हें बाद में उठाने का निदेश आसन द्वारा दिया गया।

ख- आसन द्वारा माननीय नेता, प्रतिपक्ष एवं संसदीय कार्य मंत्री से आग्रह किया गया कि वे माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव को ससम्मान सदन में लायें तत्पश्चात् उन्हें सदन में लाया गया।

2. प्रारंभिक कार्य:-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रारंभिक वक्तव्य दिया गया।

3. सभापति तालिका की घोषणा:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 10(1) के तहत तृतीय झारखण्ड विधान सभा के नवम् सत्र के लिये क्रमश: सर्वश्री साईमन मराण्डी, फूलचन्द मण्डल, रघुवर दास, सरफराज अहमद एवं श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को सभापति के रुप में आसन से घोषणा की गई।

4. समितियों का गठन:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 224(1) के तहत तृतीय झारखण्ड विधान सभा के नवम् सत्र के लिये कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न रूप से किया गया -

श्री अर्जुन मुण्डा,	मुख्यमंत्री,	सदस्य,
श्री सुदेश कुमार महतो,	उप मुख्यमंत्री,	सदस्य
श्री हेमन्त सोरेन,	उप मुख्यमंत्री	सदस्य
श्री हेमलाल मुर्मू	संसदीय कार्यमंत्री	सदस्य
श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह	नेता,प्रतिपक्ष	सदस्य
श्री प्रदीप यादव	स० वि० स०	सदस्य एवं

क्र०पृ०उ०

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी स० वि० स० सदस्य

के रुप में आसन से घोषणा की गई। इसके पश्चात् विशेष आमंत्रित सदस्य के रुप में क्रमशः -

श्री सरफराज अहमद,

श्री रघुवर दास

श्री कमल किशोर भगत

श्री रामचन्द्र बैठा

श्री अरबिन्द कुमार सिंह

श्री बंधु तिर्की

श्रीमती सुधा चौधरी

श्री बिनोद कुमार सिंह

श्री ~~नलीन~~ नलिन सोरेन एवं

श्री अरुप चटर्जी का नाम निर्देशित किया गया। इस समिति के सभापति, अध्यक्ष तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे, सम्बन्धी घोषणा आसन से की गई। साथ ही यह भी घोषणा की गई कि इस समिति की बैठक सभा की कार्यवाही स्थगित होने के तुरत बाद अध्यक्षीय कक्ष में होगी।

5.औपचारिक कार्यः-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर सभा सचिव ने सभा के गत सत्र में स्वीकृत तथा महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों की निम्नांकित विवरणी सभा पटल पर रखी:-

क्रमांक	अनुमत विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि	अधिनियम संख्या
1.	झारखण्ड विनियोग (संख्या-01)विधेयक-2012	16.03.2012	9/2012
2.	झारखण्ड विनियोग (संख्या-02)विधेयक-2012	30.03.2012	10/2012
3.	झारखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन(संशोधन) विधेयक-2012	31.03.2012	11/2012
4.	झारखण्ड स्थानीय निधि लेखा संपरीक्षा (संशोधन) विधेयक-2012	31.03.2012	12/2012
5.	झारखण्ड मनोरंजन कर विधेयक-2012	25.04.2012	13/2012
6.	झारखण्ड विज्ञापन कर विधेयक-2012	25.04.2012	14/2012
7.	साई नाथ विश्वविद्यालय, झारखण्ड विधेयक-2012	25.04.2012	15/2012
8.	झारखण्ड गृह रक्षक (संशोधन) विधेयक-2012	30.04.2012	16/2012

6. वित्तीय कार्यः- आसन द्वारा पुकारे जाने पर श्री हेमन्त सोरेन, प्रभारी मंत्री (वित्त) द्वारा वित्तीय वर्ष- 2012-13 के प्रथम अनुपूरक व्यय्य विवरणी का उपस्थापन

किया गया। इस पर दिनांक- 31.03.2012 के 03.00 बजे अपराह्न तक संशोधन दिये जाने सम्बन्धी सूचना आसन द्वारा सदन को दी गयी।

7. प्रतिवेदन का सदन पटल पर रखा जानाः-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर श्री हेमलाल मुर्मू, संसदीय कार्यमंत्री द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 224(2) के तहत कृत कार्रवाई प्रतिवेदन(A.T.R.) सभा पटल पर रखा गया।

(इस अवसर पर श्री चंद्रशेखर दूबे, स० वि० स० ने माननीय न्यायालय द्वारा किसी मामले में माननीय अध्यक्ष के सम्बन्ध में दिये गये फैसले की ओर ध्यान आकृष्ट किया। आसन द्वारा उन्हें दिनांक- 03.09.2012 को 12.30 बजे अपराह्न के बाद उठाये जाने का सुझाव दिया गया। श्री कृष्णानंद त्रिपाठी, स० वि० स० ने छोटे सत्र बुलाये जाने की ओर, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० ने अभिजीत ग्रुप को जमीन दिये जाने तथा श्री सरफराज अहमद, स० वि० स० ने गिरिडीह में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।)

8. शोक प्रकाशः-

विधान सभा के विगत सत्र से लेकर अब तक की अवधि में कई महत्वपूर्ण राजनेता, समाजसेवी, साहित्यकार और कलाकार रुखसत हो गये जिनमें स्व० विलास राव देशमुख, शिवनाथ वर्मा, सत्यनारायण दुधानी, गोमेश्वरी मानकी, शंकर प्रसाद टेकरीवाल, महाराज प्रताप सिंह, शकील अहमद खान, राम चन्द्र यादव, दारा सिंह, मृणाल गोरे, राजेश खन्ना, ए० के० हंगल, लक्ष्मी सहगल आदि इनमें से प्रमुख हैं, के प्रति तथा राँची विश्वविद्यालय के प्रख्यात् साहित्यकार दिनेश्वर प्रसाद, गजल गायक, मेंहदी हसन, तमिलनाडु एक्सप्रेस में अग्नि कांड में मारे गये यात्रियों, उत्तराखण्ड में भू-स्खलन और बादल फटने की घटना, असम में हुई जातीय हिंसा, राजस्थान में वर्षा और बाढ से हुई तथा पलामू में सड़क दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति शोक संवेदना आसन द्वारा व्यक्त की गई। इसके पश्चात् दो मिनट का मौन रखा गया तदुपरांत सदन की कार्यवाही सोमवार दिनांक-03.09.2012 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिये स्थगित की गई।

राँची,
दिनांक- 31 अगस्त, 2012

समरेन्द्र कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा ।